हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 हाइवे पर सुखतवा, भौरा, धार नाके के बीच सड़क खराब...



07 जुगनुओं तुम्हें अब नए चांद उगने होंगे, इससे पहले कि अंधेरों की...



चार साल से जुड़े गरबा प्रेमियों की मांग पर ऑफलाइन पास की भी व्यवस्था, रविवार सुबह से हरिभूमि कार्यालय पर मिलेंगे सीमित पास

हनुमान अंश' फिल्म के कलाकार गौतम त्रिपाठी 15 अक्टूबर को हरिभूमि गरबा महोत्सव में होंगे शामिल, 16 को आएंगी शुभांगी अत्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा महोत्सव के पांचवें सीजन में इस बार बॉलीवुड फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकार गौतम त्रिपाठी भी शामिल होंगे। फिल्म में राधेश्याम की भूमिका निभाने वाले गौतम त्रिपाठी 15 अक्टूबर को इटारसी पहुंचेंगे।

इस दौरान वे हरिभूमि गरबा महोत्सव में शामिल होकर शहरवासियों से संवाद करेंगे और गरबा प्रेमियों से मुलाकात कर उनके साथ समय बिताएंगे। फिल्म में उनके किरदार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा महोत्सव का आयोजन 14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर गरबा प्रेमियों में



उत्साह है। इसी बीच आयोजकों ने ऑनलाइन टिकट व्यवस्था के साथ ऑफलाइन एंट्री पास उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया है। पिछले चार वर्षों से हरिभूमि गरबा से जुड़े हजारों गरबा प्रेमियों की मांग को स्वीकार करते हुए यह सुविधा शुरू की जा रही है। ऑफलाइन पास बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध रहेंगे।

तीन दिन सजेगा गरबा का उत्सव

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा महोत्सव का पांचवां सीजन 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित होगा। तीन दिवसीय आयोजन में पारंपरिक गरबा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का माहौल रहेगा। 15 अक्टूबर को फिल्म कलाकार गौतम त्रिपाठी की मौजूदगी आयोजन का विशेष आकर्षण होगी। उनके गरबा महोत्सव में शामिल होने और शहरवासियों से मुलाकात करने को लेकर भी गरबा प्रेमियों में उत्सुकता है।



रविवार सुबह से मिलेंगे ऑफलाइन पास

हरिभूमि गरबा महोत्सव में शामिल होने के इच्छुक नागरिक अब ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन माध्यम से भी एंट्री पास प्राप्त कर सकेंगे। ऑफलाइन पास रविवार सुबह से हरिभूमि कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। वहीं ऑनलाइन पास डिस्ट्रिक्ट एप के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं। सीमित संख्या में ऑफलाइन पास रखे जाने के कारण इच्छुक लोगों को समय रहते पास प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

अनुभूति बने यादगार



हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव इटारसी की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाई देने वाला एक शानदार आयोजन है। ऐसे उत्सव सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करने के साथ शहर में उत्साह, उमंग का निर्माण करते हैं।

कैलाश शर्मा, उद्योगपति एवं समाजसेवी

अनुभूति सुंदर माध्यम है



हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने और नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

योगेंद्र राजपूत
सदस्य, जेडआरयूसीसी

पारिवारिक मंच है अनुभूति



नवरात्रि का उत्सव हमें भक्ति, उमंग और एकता के सूत्र में बाँधता है। हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव इसी भावना को साकार करते हुए शहर के लोगों को एक पारिवारिक मंच प्रदान करता है।

राजा तिवारी
सदस्य, जेडआरयूसीसी

पारिवारिक मंच है अनुभूति



हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव इटारसी में धार्मिक आस्था और भारतीय संस्कृति को उत्साह के साथ मनाने का एक शानदार मंच है। ऐसे आयोजन युवाओं में आपसी मेलजोल एवं एकता को भी बढ़ावा देते हैं।

आदित्य खंडेलवाल, युवा व्यवसायी

एकता का प्रतीक बने



नवरात्रि का पर्व शक्ति की आराधना और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव इसी आस्था, परंपरा और सामूहिक उत्साह को एक सुंदर मंच प्रदान करता है।

हेमंत मधु शुक्ला,उद्योगपति एवं समाजसेवी

नई उर्जा देने वाला है



हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव इटारसी की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने वाला आयोजन है। ऐसे मंच समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हैं और परंपराओं को बढ़ाते हैं।

प्रशांत अग्रवाल सदस्य, जिला सलाहकार समिति

जुड़ने का देते अवसर



हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव हमारी धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का भव्य उत्सव है। इटारसी में ऐसे आयोजन युवाओं सहित पूरे परिवार को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर देते हैं।

गोलू मालवीय भाजपा नेता एवं समाजसेवी

हर ताल में भक्ति



नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना, श्रद्धा और उल्लास का प्रतीक है। हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव इसी भावना को साकार करते हुए इटारसी के लोगों को एक भव्य पारिवारिक उत्सव से जोड़ता है।

चिन्मय नामदेव, युवा व्यवसायी

दिल्ली जाने से पहले इटारसी में रोके गए CJP कार्यकर्ता, ट्रेन से उतारने पर उठा विवाद

पुलिस की कार्रवाई पर जताई नाराजगी युवती ने दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

दिल्ली में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले इटारसी रेलवे स्टेशन पर कॉन्करॉच जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को ट्रेन से उतारे जाने का मामला सामने आया है। गुरुवार शाम गोवा एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे कार्यकर्ताओं को इटारसी में रोक लिया गया। इसके बाद उन्हें पुलिस अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई को लेकर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति बनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यकर्ताओं का समूह 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने जा रहा था। प्रदर्शन के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तथा चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दे उठाए जाने थे। इटारसी में रोके गए कार्यकर्ताओं की संख्या को लेकर अलग-अलग जानकारियां सामने आई हैं। सीजेपी के मुताबिक, उनके 16 कार्यकर्ताओं को ट्रेन से उतारा गया था, जिनमें युवक और युवतियां शामिल थीं।

दिल्ली में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे सीजेपी कार्यकर्ताओं को इटारसी स्टेशन पर ट्रेन से उतारा गया जिसमें विवाद हुआ।



रिसॉर्ट में ठहराए जाने की जानकारी

कार्यकर्ताओं के अनुसार, ट्रेन से उतारे जाने के बाद उन्हें इटारसी के रिसॉर्ट में रखा गया। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे लोगों को इस तरह रोका जा रहा है, तो सरकार को आपातकाल घोषित कर देना चाहिए। पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने भी कार्रवाई पर आपत्ति जताई।

पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल



कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना स्पष्ट कारण बताए ट्रेन से उतारा गया और उनकी दिल्ली यात्रा रोक दी गई। उनका कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई को अनुचित बताते हुए नाराजगी जताई। इस दौरान महाराष्ट्र की एक युवती ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार करने और कपड़े खींचने का आरोप लगाया। युवती का यह भी कहना था कि घटनाक्रम के दौरान मौके पर महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी। ये आरोप कार्यकर्ताओं की ओर से लगाए गए हैं। मामले में पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने आने के बाद ही आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

एआईएसएफ ने भी जताई चिंता

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराज दिवांग ने भी दावा किया कि पुणे से दिल्ली जा रहे संगठन के छात्र इटारसी में हिरासत में लिए गए हैं। उन्होंने छात्रों को कहां ले जाया गया और किस आधार पर रोका गया, इसकी जानकारी जुटाने की बात कही। फिलहाल मामले में कार्यकर्ताओं की ओर से लगाए गए आरोपों और उन्हें रोके जाने के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है। पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने आने के जानकारी मिल सकेगी।

छात्रों से मिलने पहुंची महिला कांग्रेस अध्यक्ष

वजह है पुणे,महाराष्ट्र से दिल्ली प्रोटेस्ट के लिए जा रहे 'सीजेपी' (CJP) के कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं को इटारसी में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने का मामला।यह घटना अब सोशल मीडिया से लेकर राष्ट्रीय मीडिया तक बड़ा तूल पकड़ चुकी है। इस गर्माती राजनीति के बीच इटारसी में कांग्रेस पार्टी का दो मुहाँ चेहरा और आंतरिक अंतर्विरोध खुलकर सामने आ गया है। छात्र-छात्राओं से मुलाकात करने पहुंचे इटारसी नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी और महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नेहा चावरे को पुलिस ने रिजॉर्ट के बाहर ही बैरिकेडिंग कर रोक लिया। इसके बाद मौके पर जबरदस्त झड़प और गहमागहमी देखने को मिली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के तीखे तेवरों के आगे पुलिस को भी भारी मशक्कत करनी पड़ी।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे नदारद

एक तरफ जहां राहुल गांधी सड़क से लेकर संसद तक प्रशासनिक तंत्र का डटकर मुकाबला कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इतने संवेदनशील और राष्ट्रीय स्तर के गंभीर मुद्दे पर जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे नदारद रहे।

अल्प वर्षा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए

माखननगर। नर्मदा पुरम जिले में इस वर्ष अति कम वर्षा हुई है अल्प वर्षा के क्षेत्र का सर्वे कराकर सूखाग्रस्त घोषित किया जाए ब्लॉक एवं नगर किसान कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौप कर मांग की है कि धान मक्का एवं सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर आरबीसी 6-4 के अंतर्गत मुआवजा दिया जाए किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए रवि सीजन के लिए प्रमाणित बीज एवं खाद की पर्याप्त आपूर्ति की जाए फसलों के समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दी जाए भावांतर योजना की जगह समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज खरीदी जाए मध्य प्रदेश की बासमती धान को जी आई टैग दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ात हुए किसानों की धान को पहचान एवं संरक्षण दिया जाए ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल यशवंत राजपूत निर्दोष तिवारी राजेश पटेल राजेश चौहान रत्नेश बडगूजर कुलदीप मिश्रा हकीम खान संजय आदि शामिल रहे।

अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, मौके पर मौत

माखननगर। महाविद्यालय के सामने अज्ञात वाहन ने लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार रोहित यादव पिता धनराज यादव निवासी कुठारिया उम्र 25 वर्ष को रौंद दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई गांव के लोगों ने आक्रोशित होकर शव सड़क पर रखकर 2 घंटे से ज्यादा जाम लगाया फिर पुलिस की समझाइस पर शव को उठाया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया है। गांव वालों और परिजनों का कहना है की जिस वाहन ने दुर्घटना की है उसका तुरंत पता लगाया जाए एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

डीएचओ एवं सीडीपीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की सेवाओं को बेहतर बनाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम कुलामनी एवं रायपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केंद्र में संचालित गतिविधियों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही केंद्र के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा उनके स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रारंभिक देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। अधिकारियों द्वारा एएनएम सुखवंती उईके, स्वाति राजपूत, सीएचओ सोनम गावंडे और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूजा यादव , किरण, आशा शशि यादव को गर्भवती महिलाओं से संबंधित सेवाओं पर जोर दिया गया।

एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता विवेक सागर का इटारसी में भव्य सम्मान

कहा- 'वरिष्ठों की मेहनत से मिलती है खिलाड़ियों को पहचान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने वाले टीम के सदस्य और इटारसी के सपूत विवेक सागर प्रसाद का जीत के बाद पहली बार गृहनगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। जिला हॉकी संघ नर्मदापुरम (इटारसी) द्वारा ईश्वर रेस्टॉरेंट में आयोजित इस समारोह में विवेक सागर के साथ-साथ शहर के अन्य होनहार हॉकी सितारों का भी सम्मान किया गया।

अंतरराष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतिभाओं का सम्मान समारोह में विवेक सागर के अलावा इंटर डिपार्टमेंट इंटरनेशनल हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुंदरम राजावत और हॉकी के माध्यम से रांची रेलवे में शासकीय नौकरी पाने वाले जैद खान को सम्मानित किया गया। इसी के साथ राज्य स्तरीय शालेय हॉकी में स्वर्ण जीतने वाले जूनियर खिलाड़ी हर्ष, चंदन यादव, समेष्ठ भावसार और मप्र अकादमी ग्वालियर में चयनित अनन्या भदौरिया को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक सागर ने अपने सम्मान के बाद मंच से सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन के अंत में उन्होंने छोटे खेल आयोजनों को निरंतर कवरेज देने के लिए उपस्थित पत्रकारों का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया। मार्गदर्शक एससी लाल ने विवेक सागर की सादगी और सरलता की तारीफ की। जिलाध्यक्ष राजेंद्र तोमर, वरिष्ठ पत्रकार सुधांशु मिश्रा, पूर्व पार्षद नीलेश मालोनिया, दीपक अग्रवाल, अर्जुन भोला, गुफरान अंसारी, अमोल उपाध्याय, अधिवक्ता संतोष गुरयानी और कोच कन्हैया गुरयानी ने खिलाडिय़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ध्यानचंद का असली अनुयायी बताया। मंच से सम्मानित खिलाड़ी जैद और सुंदरम ने इस अभिनंदन से मिली प्रेरणा से और अधिक मेहनत करने की बात कही।

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह पर सेमिनार हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में जिला वन अधिकारी गौरव शर्मा तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा, नर्मदापुरम उपस्थित रहे।

वन्यजीव संरक्षण एवं संवर्धन में जनभागीदारी बढ़ाने और छात्राओं में प्रकृति तथा वन्यजीवन के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से पोस्टर, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

नौ दिनों तक शहर के पंडालों में होगी मां भगवती की आराधना

नवरात्रि पर भक्ति में डूबेगा नर्मदापुरम, गुप्ता ग्राउंड पर प्रतिमाओं को दिया अंतिम रूप, पितृमोक्ष अमावस्या आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में शारदीय नवरात्रि को लेकर उत्साह और भक्ति का माहौल है। रविवार से मां भगवती, मां काली और भगवान शंकर की प्रतिमाओं की स्थापना होगी। शहर भर में नौ दिनों तक धार्मिक आयोजन होंगे। आकर्षक साज-सज्जा से सजे पंडालों में श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। वहीं, विभिन्न स्थानों और गार्डन में गरबा आयोजनों की धूम भी रहेगी।

नवरात्रि के दौरान पूरा नर्मदांचल देवी आराधना में लीन नजर आएगा। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पंडाल सजाए जा रहे हैं, जहां मां भगवती सहित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। धार्मिक आस्था के इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

गुप्ता ग्राउंड में प्रतिमाओं को दिया अंतिम रूप



शहर के गुप्ता ग्राउंड में मूर्तिकार मां दुर्गा, काली और भगवान शंकर की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पिछले करीब 10 से 15 वर्षों से प्रतिमा निर्माण कर रहे कैलाश बेलौरे, आशु और कमल प्रजापति ने बताया कि स्थापना से एक दिन पहले सभी प्रतिमाओं को तैयार कर लिया जाता है। प्रतिमाओं को आकर्षक और सुंदर स्वरूप देने के लिए विशेष मेहनत की जाती है।

मूर्तिकारों के अनुसार, प्रतिमा निर्माण के लिए खेतों से मिट्टी लाकर उसे अच्छी तरह छाना जाता है। इसके बाद आवश्यक सामग्री मिलाकर मिट्टी तैयार की जाती है और सांचों की सहायता से प्रतिमाओं का निर्माण किया जाता है। फिर बारीकी से सजावट और रंग-रोगन कर उन्हें आकर्षक रूप दिया जाता है।

पितरों को दी जाएगी विदाई



15 दिनों तक चलने वाले पितृ पक्ष (श्राद्ध पक्ष) का समापन आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या यानी सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के साथ होगा। इस पावन तिथि पर लोग अपने ज्ञात और अज्ञात पूर्वजों का स्मरण कर तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य किया जाएगा। शहर के सेठानी घाटों पर श्रद्धालुओं का भीड़ जमा होगी जहां आज लोग अपने पितरों की विदाई करेंगे।

माखन नगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन

राहगीरों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में प्राचार्य डॉ नीता चौबे के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सड़क की सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर जन जागरूकता रैली का आयोजन खेल विभाग,रासेयो इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.राजकुमार पटवा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कविता दुबे के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने ग्राम कुठारिया में राहगीरों को रोककर नियमों के प्रति सजग किया रैली। रैली में नोडल अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान के साथ प्रमुख रूप से समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



सेवा संकल्प अभियान के तहत सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन

बैतूल। सेवा संकल्प अभियान-2026 (सेवा मेरा योगदान) के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बैतूल द्वारा कस्तूरी बाग, मैरिज गार्डन में सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारी, वीर माता एवं अभिभावकों का सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में प्रशासन की ओर से जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भारतीय नौसेना कैप्टन सुमीत सिंह (से.नि) के अतिरिक्त अपर कलेक्टर श्रीमति वंदना जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं कंपनी कमांडर होम गार्ड श्रीमति सुनीता पंद्रे उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से सम्मान हेतु प्रतीक चिन्ह, सम्मान-पत्र एवं जलपान की व्यवस्था की गई । इस अवसर पर मंच पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका बैतूल अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज उइके और अन्य गणमान्य मंचासीन महानुभावों के द्वारा सेवारत सैनिकों, अलंकृत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीर माताओं एवं सेवारत सैनिकों के अभिभावकों को प्रतीक चिन्ह, सम्मान-पत्र, शाल, श्रीफल भेंट कर एवं पुष्पवर्षा कर उनको सम्मानित किया गया। इस समारोह में 130 से अधिक सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी को मंच पर आमंत्रित कर शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष अतीत पवार द्वारा कस्तूरी बाग मैरिज लॉन की व्यवस्था की गई। समारोह में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भारतीय नौसेना कैप्टन सुमीत सिंह (सेवानिवृत्त) द्वारा प्लास्टिक मुक्त बैतूल अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर व्याख्यान एवं चेयर योगा एवं ध्यान का अभ्यास करवा गया। वरिष्ठ नागरिकों एवं पूर्व सैनिकों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों द्वारा साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया।

सर्वपितृ अमावस्या पर आज होगा सामूहिक श्राद्ध-तर्पण

बैतूल। सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर रानीपुर रोड स्थित चिखलार आश्रम में 10 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे से सामूहिक श्राद्ध एवं तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शास्त्रोक्त विधि से श्राद्ध-तर्पण कराया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे सामूहिक भोजन होगा।

बैतूल-इटारसी के बीच हाइवे पर सुविधाएं अधूरी, टोल पूरा

हाइवे पर सुखतवा, भौरा, धार नाके के बीच सड़क खराब, लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल से इटारसी के बीच हाईवे पर कई स्थानों पर बड़े, गहरे गड्ढे हो गये है। इन गड्ढों को भरकर मरम्मत तक नहीं कराई है। जिससे हाइवे पर सफर जोखिम भरा हो गया है। खासकर सुखतवा से लेकर भौंरा, धार नाके के बीच सडक़ काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सडक़ निर्माण और मरम्मत के नाम पर बनाए गए डायवर्सन पॉइंट पर सिर्फ गिट्टियां बिछाकर छोड़ दी गई हैं। इन गिट्टियों के ऊपर से जब भारी वाहन गुजरते हैं, तो भारी मात्रा में धूल का गुबार उठता है। रात के समय उड़ती धूल और धुंध के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है। इससे वाहन चलाना बेहद खतरनाक हो जाता है। हादसों का अंदेशा बना रहता है। इसके बावजूद भी वाहन चालकों से कुंडी टोल प्लाजा पर बाकायदा भारी-भरकम टोल वसूला जा रहा है। इस टोल वसूली को लेकर राहगीरों में भारी नाराजगी है। राहगीरों का कहना है कि सडक़ पर इतने बड़े गड्ढे हैं कि हर दिन गाडिय़ां टूट रही हैं। सफर मुश्किल हो गया है। चलने लायक सुरक्षित सडक़ ही नहीं मिल रही, तो टोल किस बात का चुकाएं। डायवर्सन पर पड़ी गिट्टियों की वजह से धूल उड़ती है। धूल के कण राहगीरों के आंखों में पड़ते है। जिससे आंखों पर विपरीत असर पड़ता है।

14 साल भी बाद अधूरा फोरलेन

बैतूल से औबेदुल्लागंज तक बनाए जाने वाला फोरलेन को मंजूरी मिलने के 14 साल बाद भी अब तक अधूरा है। 2011 में 121 किलोमीटर लंबे बैतूल-औबेदुल्लागंज फोरलेन को मंजूरी मिली थी, लेकिन ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया। जिसके कारण सडक़ को दो टुकड़ों में बैतूल-इटारसी और इटारसी-औबेदुल्लागंज में बांटकर अलग-अलग टैंडर किए गए। इनमें से बैतूल-इटारसी फोरलेन का 72 किलोमीटर फोरलेन में से 21 किलोमीटर का बरेठा घाट वाला हिस्सा अधूरा ही है। बता दे कि केसला रेज, भौरा रेंज तथा बरेठा घाट के तीन खंड (कुल 20.91 किमी) सम्मिलित है। ये सभी खंड वन्यजीव, विशेषकर टाइगर मुवमेंट कॉरिडोर के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। इसी के चलते इन खंडों में निर्माण कार्य को उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्टे आदेश के पश्चात स्थगित कर दिया गया था। इस सडक के निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक लगी थी। जिसके कारण यह सडक नहीं बन पाई।

51 किमी बनी सड़क लेकिन सुविधाएं अधूरी

बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ की लागत से 72 किलोमीटर फोरलेन बनना था। 72 किलोमीटर में से 21 किलोमीटर में अभी भी काम रुका हुआ है। लेकिन जो 51 किलोमीटर सडऽक़ बनी है उसमें भी इंतजामात अधूरे ही हैं, सडक़ पर ट्रैफिक शुरू होने और टोल टैक्स वसूली करने के बाद अब तक यहां पर सुविधाएं अधूरी हीं हैं। कुछ जगहों पर लाइट नहीं होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कते होती है। वाहन चालकों का कहना है कि रोड इतनी खराब है, तो टोल किस बात का दे। हाइवे पर वाहन चालकों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उसके बाद पूरा टोल टैक्स वसूला जाना चाहिए। लेकिन सुविधाओं के नाम पर सिर्फ धूल और गड्ढे हैं। टोल प्लाजा पर पूरी दर से टोल वसूला जा रहा है। रेट लिस्ट भी वहां लगे बोर्ड पर स्पष्ट देखी जा सकती है।

15 दिन का समय लगेगा

सड़क की मरम्मत कार्य में लगभग 15 दिन का समय लगेगा। इसके बाद सड़क पूरी तरह से ठीक हो जाएगी।

वेद प्रकाश,
प्रबंधक, एनएचएआई

वाहन चालकों से वसूला जा रहा पूरा टोल

कुंडी टोल प्लाजा पर वाहन चालकों से पूरा टोल वसूला जा रहा है। जिससे वाहन चालकों में नाराजगी है। वाहन चालकों ने बताया कि कुंडी टोल प्लाजा पर कार, जीप, वैन से एक तरफ का 90 रूपये टोल वसूला जा रहा है। दो तरफ का 140 रूपये टोल लगता है। इसी तरह हल्के कमर्शियल वहन का एक तरफ का टोल 150 और वापसी 225 रूपये लग रहे है। बस, एक्सल ट्रक का एक तरफ को टोल 310 और वापसी 470 रूपये तथा एक्सल वाहन एक तरफ का 340, वापसी 510 रूपये एवं 4 से 6 एक्सल भारी वाहनों का एक तरफ का 490 एवं वापसी 735 रूपये टोल लिया जा रहा है। जबकि हाइवे पर जगह-जगह गड्ढे हो गये है। जिससे वाहन चलाना बेहद परेशानी का सबब बन रहा है।

वाहन चालकों का कहना नियमित हो पानी की छिडक़ाव

बारिश लगभग खत्म हो चुकी है। मौसम खुलने और धूप खिलने के कारण सडक़ पर गड्ढों से वाहन गुजरते ही धूप के गुब्बारे उड़ रहे है। सबसे ज्यादा परेशानी सडक़ निर्माण और मरम्मत के नाम पर बनाए गए डायवर्सन पॉइंट देखने को मिल रही है, जहां सिर्फ गिट्टियां बिछाकर छोड़ दी गई हैं। इन गिट्टियों के ऊपर से जब भारी वाहन गुजरते हैं, तो भारी मात्रा में धूल का गुबार उठता है। रात के समय उड़ती धूल और धुंध के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है। इससे वाहन चलाना बेहद खतरनाक हो जाता है। वाहन चालकों का कहना है कि डायवर्सन या अंडर-कंस्ट्रक्शन पॉइंट्स पर सिर्फ गिट्टियां बिछाकर छोडना नियमों का उल्लंघन है। कार्य क्षेत्र और डायवर्सन पर धूल उडने से रोकने के लिए निर्माण एजेंसी को नियमित रूप से पानी का छिडक़ाव करना अनिवार्य है। रात में विजिबिलिटी बनाए रखने के लिए डायवर्सन पॉइंट पर पर्याप्त रोशनी और रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाना जरूरी है।

खेल प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में नमन बारंगे का स्वागत



शाहपुर। शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नमन बारंगे ने जबलपुर में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। नमन की इस सफलता पर विद्यालय परिसर में उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य उपस्थित जनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने नमन बारंगे के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। नमन की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि नमन राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

बैतूल जिले में कम बारिश के बावजूद भी स्टाफ डेम में नहीं लगाई गई प्लेट



शाहपुर। नगर परिषद क्षेत्र के निकट आने वाले बटकी डोह मैं बने स्टाफ डैम में पानी लगातार बह रहा है। इस क्षेत्र के आसपास कृषि कार्य करने वाले कृषकों का कहना है कि पानी को शीघ्र रोका जाए, जिससे आने वाले ग्रीष्म ऋतु के मौसम में शाहपुर क्षेत्र के आसपास पानी की कमी ना हो और इस बार बारिश कम होने के कारण दोपहर में गर्मी बहुत अधिक पड़ रही है। रात में हल्का ठंडा वातावरण हो जाता है। पिछले वर्ष भी बहुत दिनों तक पानी को रोक नहीं गया था। जिससे पानी की समस्या आ रही थी, परंतु शासन के अधिकारी कर्मचारियों का ध्यान पानी को स्टोर करने की ओर बिल्कुल भी नहीं है।

विधायक देशमुख ने किया कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

छात्रावास की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर की तरीफ



मुलताई/प्रभात पट्टन। क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने प्रभात पट्टन स्थित शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण कर छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर विधायक ने छात्रावास की अधीक्षिका सुमन यादव के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान विधायक देशमुख ने छात्रावास में छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रावास के संचालन तथा अधीक्षिका द्वारा निभाई जा रही जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी ली। व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने अधीक्षिका के कार्यों की प्रशंसा की और उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। इसी तरह जो अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते हैं तथा अपने कार्यों से बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, उन्हें भी प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों की सराहना से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और अन्य लोगों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। विधायक द्वारा अधीक्षिका सुमन यादव को सम्मानित किए जाने को छात्रावास में बेहतर व्यवस्थाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना के रूप में देखा गया। छात्रावास जैसी संस्थाओं में छात्राओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण और जिम्मेदार कर्मचारियों के कार्यों को प्रोत्साहन मिलना आवश्यक है। इस अवसर पर सुभाष देशमुख, राजेश पाठक, कीर्ति यादव, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा अशोक पासे, राजू संत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, तहसीलदार यशवंत गिन्नारे, थाना प्रभारी विकास पटेल सहित छात्राओं के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

ग्राम बिसनूर पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत,ग्रामीणों ने दी बधाई

राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में योगिता ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई/आठनेर



ग्राम बिसनूर की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा योगिता चौरे ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया है। योगिता की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर गांव लौटने पर विद्यालय परिवार, साथी विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकालकर योगिता को बधाई दी गई और उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया गया।

विद्यालय पहुंचने पर मिठाई खिलाकर किया सम्मानित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में किया गया था। इस प्रतियोगिता में योगिता चौरे, पिता गणेश चौरे, ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस सफलता को लेकर ग्राम बिसनूर में उत्साह देखने को मिला। गांव आगमन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय पहुंचने पर योगिता को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संयोजक प्राचार्य रमेश कुमार मालवीय, विकासखंड नोडल अधिकारी एवं प्रभात पट्टन के बीईओ आशीष चंद्र शर्मा, विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिसनूर के शिक्षक सावन डढोरे, ग्राम बिसनूर के उपसरपंच केशराव धोटे सहित संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

कार्यक्रम में जूडो कोच अंजलि बिसके और जूडो के जनरल मैनेजर प्रदीप पंडोले की भूमिका का भी उल्लेख किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सूरज, पिता पंजाबराव देशमुख, का भी उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी शिक्षक विनय कुमरे, पीयूष नीनावे, ललित धोटे, विद्यालय की पीटीए अध्यक्ष गगन चंद्र जायसवाल, वसंत देशमुख और सतीश ठाकरे ने भी योगिता का फूल-मालाओं से स्वागत किया। उपस्थित जनों ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया तथा पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। योगिता चौरे की इस उपलब्धि ने ग्राम बिसनूर और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढऩे और अपनी प्रतिभा को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने की प्रेरणा मिलेगी। ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने योगिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भैंसदेही में हरियाली की क्रांति

नवसृजन समिति ने अटल बिहारी स्टेडियम से पीएचई हनुमान मंदिर तक किया पौधारोपण



भैंसदेही। बुजुर्ग कहते हैं, एक पौधा सौ पुत्रों के समान होता है। इसी सोच को साकार किया नवसृजन जनकल्याण समिति भैंसदेही ने। शुक्रवार को समिति के बैनर तले में नगर के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम से लेकर सिद्ध स्थल पीएचई हनुमान मंदिर तक वृहद मात्रा में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सबसे पहले भगवान श्रीगणेश एवं बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर अभियान की शुरुआत की गई। फिर गड्ढों का तिलक-पूजन कर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पत्रकारों ने एक साथ कुदाली उठाई और वृक्ष लगाये। नजारा ऐसा था जैसे पूरा भैंसदेही हरियाली के संकल्प में जुट गया हो। इस दौरान मुख्य रूप से नगर परिषद भैंसदेही अध्यक्ष मनीष सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष डॉ. दिनेश दवंडे, नायब तहसीलदार राजेश दुबे, तहसीलदार सुमित कुमार गुर्जर, थाना प्रभारी राजेश सातनकर, सीएमओ केएस. उईके, जनपद सदस्य रिषभदास सावरकर, डॉ. दिनेश दवंडे, केसर लोखंडे, समाजसेवी नारायण घानेकर, वामन पाटनकर, पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लाक अध्यक्ष बाबूलाल राठौर, पत्रकार कल्याण परिषद के महासचिव एवं हरिभूमि बैतूल जिला ब्यूरो प्रमुख संजय द्विवेदी सहित अन्य पत्रकारों तथा नवसृजन समिति की पूरी टीम मौजूद रही।

ये आने वाली पीढ़ी के लिए ऑक्सीजन बैंक

नवसृजन समिति अध्यक्ष अशोक अड़लक ये सिर्फ वृक्षारोपण नहीं, ये आने वाली पीढ़ी के लिए ऑक्सीजन बैंक है। आज हमने जो पौधा लगाया है, कल वही पौधा भैंसदेही को छांव, फल और प्राणवायु देगा। नवसृजन समिति सिर्फ पौधा लगाएगी नहीं, अपितु हर पौधे को पुत्र की तरह पालेगी। जिस तरह अयोध्या में राम मंदिर के लिए कार सेवा हुई थी, उसी जज्बे से भैंसदेही में हरियाली के लिए वृक्ष सेवा कर रहे हैं।

नहीं मिला बाघ, देखा सांभर, चीतल और नीलगाय, बोले- फिर आएंगे

सतपुड़ा की वादियों में घूमे 'देवों के देव महादेव' सीरियल के मुख्य किरदार निभाने वाले मोहित





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

छोटे पर्दे के लोकप्रिय पौराणिक धारावाहिक देवों के देव महादेव में भगवान शंकर की भूमिका निभाकर फैंस का दिल जीतने वाले और टीवी से बड़े पर्दे तक अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ने वाले अभिनेता मोहित रैना गरूवार 8 अक्टूबर को अपने साथी कलाकारों के साथ बैतूल आए और बैतूल से सटे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी का आनंद लिया। इस दौरान उनके साथ विशेष रुप से बॉलीवुड अभिनेता महेश कृष्ण शेट्टी, अभिनेत्री कनिका कपूर और फिल्म निर्माता दीपक सिंहल थे। वे सुबह अपनी स्पेशल कार से बैतूल जिले में जंगल सफारी के लिए मशहूर एरिया चूरना सतपुड़ा गेट पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दोपहर में मल्लूपुरा एरिया के जंगल मे सफारी की थी। इस दौरान उन्हें सांभर, चीतल, नील गाय बड़ी संख्या में देखने को मिली। वे खुले जंगल में वन्य प्राणियों को देखकर काफी उत्साहित नजर आए। जंगल सफारी के गाइड योगेश बरसे ने हरिभूमि को बताया कि उन्हें जंगल काफी अच्छा लगा, लेकिन जंगल के राजा को नहीं देख पाने का मलाल भी रहा। उन्होंने कहा कि वे दोबारा जल्द आएंगे और जंगल के राजा को देखकर ही जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अभिनेता मोहित रैना ने प्रसिद्ध धारावाहिक 'देवों के देव...महादेव' में भगवान शंकर (भगवान शिव) का मुख्य रोल अदा कर अपनी अदाकारी से सबको प्रभावित किया था। यह शो लाइफ ओके चैनल पर प्रसारित होता था। इसके अलावा उन्होंने स्टार प्लस के शो 'महाभारत' (2013) में भी भगवान शिव की भूमिका निभाई थी।



इन वेब सीरीज में कर चुके काम

अभिनेता मोहित रैना ने काफ़िर- 2019): जी- 5 पर रिलीज़ ड्रामा सीरीज से अपना वेब डेब्यू किया था। उन्होंने दिया मिर्ज़ा के साथ भी अभिनय किया। मिसेज सीरियल किलर- 2020) : यह नेटफ्लिक्स की थ्रिलर फिल्म/सीरीज है जिसमें उन्होंने इमरान शाहिद की भूमिका निभाई। मौकाल- 2020) एमएक्स प्लेयर पर आई इस क्राइम ड्रामा सीरीज के दो सीजन में उन्होंने एसएसपी नवीन सिकेरा का मुख्य किरदार निभाया। मुंबई डायरीज 26/11 - 2021 से 2023): प्राइम वीडियो की इस मेडिकल थ्रिलर सीरीज में उन्होंने डॉ. कौशिक ओबेरॉय की भूमिका निभाई। द फ्रीलांसर - 2023): डिज़्नी + हॉटस्टार की इस सीरीज में उन्होंने अविनाश कामथ (एक मर्सनेरी/फ्रीलांसर) का मुख्य किरदार निभाया। रंगबाज- डर की राजनीति जी 5 के इस लोकप्रिय क्राइम शो के चौथे सीजन में वह मुख्य अभिनेता के रूप में नजर आए। कनखजूरा- आगामी): यह इजरायली ड्रामा 'मैगपाई' का भारतीय रीमेक है जिसमें वह मुख्य भूमिका में हैं।

खंडवा के अंतरजिला चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



थाना साईंखेड़ा एवं थाना आमला पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तार चोरी के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तांबे का तार कुल वजन 16.400 किलोग्राम, अनुमानित कीमत 19,680 रुपये और एक टवेरा वाहन जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 सितंबर राजेश गढ़ेकर निवासी ससुन्द्रा ने थाना साईंखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम बोथिया ब्राह्मणवाड़ा स्थित एनएच-47 के पास जलाराम स्टोन क्रेशर में 23 एवं 24 सितंबर की दरम्यानी रात अज्ञात आरोपियों ने क्रेशर मशीन एवं कमरे का ताला तोडक़र अंदर प्रवेश किया तथा पैनलों में लगे लगभग 250 फीट तांबे के केबल चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार 30 सितंबर को कैलाश ढांढोरे निवासी बिरूल बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 एवं 30 सितंबर 2026 की दरम्यानी रात ग्राम बिरूल बाजार के 7-8 किसानों के खेतों में स्थित कुओं से अज्ञात चोर केबल वायर चोरी कर ले गए। थाना साईंखेड़ा में धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीडीआर एवं सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों की तलाश की। थाना साईंखेड़ा एवं थाना आमला पुलिस की संयुक्त टीम ने संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी फारूख पिता मुख्तार मंशूर, निवासी ग्राम रोशनी, थाना खालवा, जिला खंडवा, समीर खान पिता अफजल खान, निवासी ग्राम रोशनी, थाना खालवा, जिला खंडवा, सलमान पिता सकूर खान, निवासी ग्राम दिदमदा, थाना खालवा, जिला खंडवा और फरान पिता संजू खान, निवासी ग्राम चैनपुर सरकार, थाना हरसूद, जिला खंडवा ने उक्त चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की।

खबर संक्षेप

युवाओं के लिए खुलेगी रोजगार की राह



सोहागपुर। वर्धमान ग्रुप बुधनी एवं विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से शहर सोहागपुर में शिक्षित युवाओं के लिए आज रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा। भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि आत्मनिर्भर युवा संदेश की ओर मजबूत कदम बढ़ाने के प्रयास सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह द्वारा किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत मंगल भवन सोहागपुर में 10 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक रोजगार मेला लगेगा। जिसमें कक्षा पांचवीं से 12 वीं तक के उत्तीर्ण 18 से 26 वर्ष के युवा लाभ ले सकते हैं। विधायक विजयपाल सिंह, मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने अपील की है कि क्षेत्र के शिक्षित युवा सुनहरे रोजगार अवसर का लाभ उठाएं। इस अवसर पर विधायक विजयपाल से ने कहा कि इस नवरात्रि हमारे क्षेत्र के शिक्षित युवा रोजगार के साथ अपने भविष्य की नई शुरुआत करें। इसके लिए हम प्रयासरत हैं।

छावनी परिषद सीईओ की अनूठी पहल

पचमढ़ी। छावनी परिषद पचमढ़ी के नवागत अधिशासी अधिकारी श्री राहुल यादव द्वारा छावनी परिषद पचमढ़ी में एक अनूठी व बहुत ही सार्थक पहल कर एक स्वस्थ लोकतांत्रिक परम्परा की शुरुआत की गई। बातचीत में नगर के पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद अनीस खांन ने बैठक की कार्रवाई पर बताया कि पचमढ़ी में विगत दो वर्षों से अधिक समय से परिषद में निर्वाचित पार्षदों का बोर्ड /परिषद नहीं है सिर्फ एक व्यक्ति को एक एक वर्ष के लिए नामित किया जा रहा है। जिसमें विगत दो वर्षों में दो बार पूर्व पार्षद श्री संजय लेडवानी को परिषद के सदस्य के रूप में रक्षा मंत्रालय द्वारा नामित किया जा रहे हैं।
छावनी के अधिशासी अधिकारी ने पचमढ़ी नगर के चहुंमुखी विकास और सौंदर्यीकरण के लिए समस्त पूर्व उपाध्यक्षगण व पार्षदों की एक मीटिंग 7 अक्टूबर को छावनी परिषद कार्यालय में आयोजित की गई।

जुगनुओं तुम्हें अब नए चांद उगने होंगे, इससे पहले कि अंधेरों की हुकूमत हो जाए: कांग्रेस जिला सचिव

स्टेट हाईवे पर वर्षों से बनी समस्या के समाधान को लेकर परेशान जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जुगनुओं अब तुम्हें नए चांद उगाने होंगे, इससे पहले कि अंधेरों की हुकूमत हो जाए।ह्र राहत साहब का उक्त शेर नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव एवं क्षेत्रीय शायर पं. जलज शर्मा ने शुक्रवार को व्यक्त किया। यह शेर पं. शर्मा ने सीएम राइज़ स्कूल सोहागपुर के निर्माणाधीन भवन के सामने आवाजाही समस्या के स्थल पर व्यक्त किया।

शर्मा ने शासन एवं प्रशासन से मांग की है कि समस्या का अविलंब समाधान किया जाए। उल्लेखनीय है कि उक्त स्थल पर चार वर्षों से जल भराव की समस्या बनी हुई है। जिससे सड़क बैठ चुकी है, डामर उखड़ चुका है व कई बार गड्ढे हो चुके हैं। जिनका पुराव जनदबाव के बाद प्रशासन ने गिट्टी डालकर कई बार किया है। लेकिन गिट्टी बैठ जाती है और बार-बार समस्या उत्पन्न होती है। जिसके कारण जानलेवा दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। नागरिकों को प्रतीक्षा है कि शीघ्र ही समस्या का समाधान हो।

बहुत हुआ तमाशा

नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव जलज शर्मा सहित नागरिकों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उक्त स्थल पर बहुत तमाशा किए जा चुके हैं। उनका इशारा संभवतः गत माह भाजपा द्वारा समस्याग्रस्त स्थल पर किए गए धरने की ओर था। जिसके बाद आनन फानन में प्रशासन ने गिट्टी डालकर गड्ढों का पुराव किया था। लेकिन अब जनता गड्ढे में डाले गए गिट्टी चूरे से उड़ती धूल से परेशान हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही से धूल उड़ती है तथा लोगों में श्वांस रोग उत्पन्न होने लगे हैं। शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल समस्या का स्थाई समाधान किया जाए अन्यथा ज आंदोलन होगा।

जन समस्या को लेकर नागरिक संघर्ष समिति ने विधायक व कलेक्टर को सौंपे आवेदन

15 दिन में परिणाम नहीं मिले तो 27 को धरना व आंदोलन की चेतावनी

जन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नागरिक संघर्ष समिति ने विधायक विजयपाल सिंह एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा को सोहागपुर शिविर स्थल पर आवेदन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर की कुछ जन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर ने शुक्रवार को विधायक विजयपाल सिंह एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा को सोहागपुर में आयोजित शिविर स्थल पर आवेदन सौंपे तथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

नागरिक संघर्ष समिति के संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि विधायक एवं कलेक्टर के समक्ष कोर्ट चौराहा, मुख्य बाजार एवं शंकर मंदिर क्षेत्र में सुलभ शौचालय निर्माण कराने, रेलवे स्टेशन से कॉलेज तक सड़क पुनर्निर्माण तथा शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग रखी गई है। पटेल ने कहा कि समस्याओं को लेकर पूर्व में अधिकारियों एवं नगर परिषद को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समाधान नहीं हुआ है। इसके कारण आम नागरिकों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थान चयन में परेशानी- विधायक

ज्ञापन सौंपने के दौरान सुलभ कॉम्प्लेक्स निर्माण के मुद्दे पर विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि सुलभ कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध है। लेकिन उपयुक्त स्थान का चयन करना कठिन विषय है। उन्होंने इस संबंध में अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण कर उचित जगह चयनित करने में आ रही समस्या की जानकारी दी तथा कहा कि इस बावत नप सीएमओ व जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। ताकि जनता की मांग अनुरूप काम हो सके।

15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

नागरिक संघर्ष समिति की मांग की है कि नगर की महत्वपूर्ण समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र निराकरण कराया जाए। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन में निराकरण की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो 27 अक्टूबर 2026 को समिति द्वारा व्यापारियों, किसानों, नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं के सहयोग से धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर नागरिक संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल, रितेंद्र सिंह राजपूत, आनंद साहू, राकेश गिरी गोस्वामी, प्रशांत सोनी, अखिलेश मालवीय, शरद चौरसिया उपस्थित रहे।

कॉलेज में किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



सोहागपुर। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम एवं अतुल सक्सेना प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में गत दिवस पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर में विधिक साक्षरता शिविर एवं मेडिएशन जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइबर लॉ एवं मेडिएशन जागरूकता कार्यक्रम में मेडिएशन विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को साइबर ठगी अपराध के बारे में समझाया गया व बचाव की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाएं, प्राचार्य, न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बजरंग दल ने की एसपी से मांग गरबा में आधार कार्ड जांचें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदापुरम जिला टोली द्वारा गुरुवार को एसपी एस कृष्ण थोटा को एक आवेदन सौंपा गया है। बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल, जिला मंत्री चेतन राजपूत, जिला सह मंत्री विशाल राठौड़ एवं जिला संयोजक प्रदीप दायमा के नेतृत्व में सौंपे गए आवेदन में उल्लेख है कि जिले में कई जगह नवरात्र में गरबा महोत्सव होने जा रहे हैं।

अतः प्रशासन ध्यान रखे व व्यवस्था बनाए कि इन आयोजनों में गैर हिंदुओं व असामाजिक तत्वों की एंट्री ना हो। जो भी आयोजनों में आए, उसका आधार कार्ड एंट्री पाइंट पर ही जांचा जाए। साथ ही पुलिस व प्रशासन द्वारा गरबा आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाए एवं गरबे में अश्लील गाने ना बजाए जाएं। आयोजकों पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आचार संहिता लागू की जाए तथा उसका पालन सभी आगंतुकों से कराया जाए।

रखी ये मांगें भी

शराब, नशीले पदार्थ एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर पूर्ण निगरानी रखी जाए।

डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए।

गरबा आयोजनों की अनुमति, स्थल क्षमता, अग्नि सुरक्षा, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जाए। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जाए।

नियमों या अनुमति शर्तों का उल्लंघन करने पर आयोजकों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई कर अनुमति निरस्त की जाए।

आयोजकों द्वारा प्रवेश नियम एवं आचार संहिता कार्यक्रम से पूर्व सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि सभी प्रतिभागियों को नियमों की जानकारी रहे।

सोहागपुर के दो हॉकी सितारों का स्टेट चैंपियनशिप में जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र के जिला सिवनी में गत दिनों एसजीएफआई स्टेट चैंपियनशिप हॉकी प्रतियोगिता हुई। जिसमें नर्मदापुरम संभाग टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इस ऐतिहासिक जीत में सोहागपुर के आराध्य सरोज और अयान खान भी संभाग नर्मदापुरम टीम का हिस्सा रहे। दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में सहभागिता कर गुरुवार को गृहनगर लौटे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया है। आराध्य सरोज ने बताया कि फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम संभाग टीम ने उज्जैन संभाग टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों ने पूरी प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैदान पर सोहागपुर की यह जोड़ी विपक्षी टीमों के लिए लगातार चुनौती बनी रही। आराध्य व अयान ने शानदार प्रदर्शन से सोहागपुर का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है। सोहागपुर नगर में उनके प्रथम नगर आगमन पर ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी हेमराज सिंह नागा, हमीर सिंह चंदेल, अश्वनी सरोज, अभिलाष चंदेल, सोहागपुर हॉकी टूर्नामेंट समिति सचिव पवन चौहान, दादूराम कुशवाहा, अनिल गहरैया, शंकर मालवीय, अख्तर खान, अभिनव पालीवाल, धर्मेंद्र सराठे, गोलू अग्रवाल, अंकुश जायसवाल, एकम राजपूत, कीर्ति दुबे, अभिनय सोनी, अभिषेक अग्रवाल, रवि उइके, ऋषभ गढ़वाल, शिवकुमार पटेल आदि ने रेल्वे स्टेशन पहुंचकर दोनों खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मान किया। जिले की स्वर्णिम सफलता ने क्षेत्रीय हॉकी खिलाड़ियों में उत्साह और नई उम्मीद जगाई है।

पिपरिया: सेवा संकल्प अभियान के तहत मंडी में किसान संवाद रोपे गए 2 हजार पौधे, 20 हजार पौधरोपण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद पिपरिया द्वारा संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत सुशासन एवं सेवा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से नवीन गल्ला मंडी परिसर में विशाल किसान संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मंडी पहुंचे किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और परिसर में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया।

पेड़ों की भरपाई के लिए 20 हजार पौधरोपण का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष नीना नागपाल एवं भाजपा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नवनीत नागपाल ने एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नगर विकास और कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान वर्षों पुराने जो पेड़ काटे गए थे, उनकी भरपाई के लिए नगरपालिका सीमा के चारों ओर वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।हथवास, सिलारी, बीजनवाड़ा, राईखेड़ी रोड सहित नगरपालिका की सीमा से लगे सभी गांवों व प्रमुख मार्गों पर कार्यकाल के दौरान लगभग 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि विधानसभा क्षेत्र को हरा-भरा और पर्यावरण संरक्षित बनाने के लिए हर वर्ष हजारों पौधे लगाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

गल्ला मंडी में रोपे पौधे

सेवा संकल्प अभियान के तहत नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 2 हजार पौधे रोपे गए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधे लगाने के साथ ही उनके रखरखाव और संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपध्यक्ष नीना नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी,जपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, गोपाल दास दुदानी, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, पवन वालिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बंद आधार कार्ड केंद्र को पुनः संचालित करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

स्थानीय पोस्ट आफिस पचमढ़ी में शासकीय स्तर पर संचालित आधार कार्ड केन्द्र बिना किसी सूचना व अकारण ही कुछ महीनों पूर्व बंद कर दिया था। जिससे आम नागरिकों व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आधार से संबंधित कार्यों के न होने से तथा छोटे-छोटे कार्यों के लिए पचमढ़ी से 55 किलोमीटर दूर पिपरिया जाना पड़ रहा है। जिससे आम जन को समय व पैसों का अतिरिक्त व्यय वहन करना पड़ रहा है। पिपरिया में भी एक बार जाने से काम नहीं होता क्योंकि कभी सर्वर डाउन तो कभी अधिक भीड़ होना, कभी वाहनों के उपलब्ध न होने पर समय पर पिपरिया न पहुंचना, कभी पूर्ण दस्तावेज न होना आदि आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

इस बात के संज्ञान में आते ही नगर के जागरूक छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद अनीस खांन के द्वारा 6 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर नर्मदापुरम व एस.डी.एम पिपरिया को एक - एक पत्र ईमेल द्वारा प्रेषित किया गया व एक प्रति एस.डी.एम पिपरिया के लिए स्थानीय साडा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से दिया क्योंकि एस.डी. एम ही वर्तमान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी साडा हैं तथा दिनांक 08 अक्टूबर 26 को सब-डिविजनल पोस्ट आफिस प्रमुख सुशांत रघुवंशी को स्थानीय पोस्ट मास्टर बृजेश रघुवंशी के माध्यम से प्रेषित कर बंद पड़े आधार केंद्र को जल्द से जल्द चालू करवाने की मांग की गई है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत दिव्यांग शिविर संपन्न

जनप्रतिनिधियों ने बांटी व्हीलचेयर व ट्रायसिकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत सभागृह पिपरिया में नगरपालिका परिषद एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत एक विशाल दिव्यांग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में पिपरिया शहर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और मरीज जांच व सहायता प्राप्त करने पहुंचे।

मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, पवन वालिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

डॉक्टरों की टीम ने की जांच, बांटे गए उपकरण

शिविर में सिविल अस्पताल पिपरिया एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ डॉक्टरों की टीम ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (BMO) डॉ. राजकुमार पटेल के नेतृत्व में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के पश्चात अति आवश्यक और गंभीर मरीजों को जनप्रतिनिधियों के हाथों ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर का वितरण किया गया। शिविर में आए जिन मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों के परामर्श या उच्च स्तरीय इलाज की आवश्यकता थी, उन्हें जिला अस्पताल नर्मदापुरम भेजने के लिए विधायक ठाकुरदास नागवंशी द्वारा निशुल्क वाहन उपलब्ध कराया गया, ताकि मरीजों को आगे के उपचार में कोई परेशानी न हो।

जिला दिव्यांग विभाग रहा नदारद

आयोजन के दौरान जिला दिव्यांग विभाग का उदासीन रवैया भी देखने को मिला। शिविर में जिला दिव्यांग विभाग की ओर से न तो कोई राहत सामग्री भेजी गई और न ही विभाग का कोई डॉक्टर या विशेषज्ञ उपस्थित हुआ। इसके बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सिविल अस्पताल की टीम और स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के आपसी समन्वय से कार्यक्रम निर्विघ्न और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी व वोट चोरी को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया में धांधली और वोट चोरी का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पिपरिया नगर के मुख्य मंगलवारा चौराहे पर आयोजित इस प्रदर्शन में पिपरिया ब्लॉक और मटकुली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए।

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत के नेतृत्व में आयोजित इस 'हल्ला बोल' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय एवं राज्य निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मिलीभगत से मतदाता सूचियों में हेरफेर कर 'वोट चोरी' का खेल खेला जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए जोरदार नारे लगाए। प्रदर्शन के उग्र रूप लेते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। नेताओं ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव प्रणाली को प्रभावित करने और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से सीमा कटकवार, कमलेश साहू, चिंकू, सुनील कुचबंदिया, प्रशांत, फहीम अब्दुल्ला, सुनीत पुरोहित, छोटेलाल पटेल, हरीश बेमन, राधेश्याम ठाकरे सहित पिपरिया एवं मटकुली ब्लॉक के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा की

मरीजों से पूछा, इलाज कैसा मिल रहा? बच्चों को चश्मे, टीबी मरीजों को पोषण किट दी

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को हरदा प्रवास के दौरान जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार की व्यवस्था तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री का आत्मीय अंदाज भी देखने को मिला। उन्होंने एक बुजुर्ग महिला से बातचीत कर कुशलक्षेम पूछी। महिला ने बताया कि अस्पताल में इलाज अच्छा मिल रहा है और अब पहले से आराम है। मुख्यमंत्री ने बच्चों के सिर पर स्नेह से हाथ फेरकर उनका हालचाल भी जाना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए। साथ ही क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण आहार की टोकरी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक तक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।



1,156 बच्चों में मिला दृष्टिदोष

जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत हरदा जिले के 135 स्कूलों में 20 हजार 320 बच्चों की जांच की गई। इनमें 1,156 बच्चों में दृष्टिदोष पाया गया, जिन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने शासकीय कन्या शाला की कक्षा 12वीं की छात्राओं शिवानी और छाया तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा मुस्कान को चश्मे वितरित किए।

टीबी मरीजों को पोषण आहार की टोकरी

मुख्यमंत्री ने ग्राम झिरी की रामबाई धुर्वे, हरदा की उषा गिनारे और टिमरनी के परसराम लोवंशी को पोषण आहार की टोकरी प्रदान की। लगभग आठ किलोग्राम की प्रत्येक फूड बास्केट में आटा, मूंगफली दाना, दाल और चना सहित प्रोटीन व कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य सामग्री शामिल है। नि-क्षय पोषण योजना के तहत क्षय रोगियों को पोषण सहायता के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाती है। जिले में अब तक हाईरिस्क गांवों और मोहल्लों में घर-घर जाकर 1 लाख 86 हजार 332 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एआई आधारित हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन और बलगम जांच से संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है।

वृद्धजनों से मिले, शॉल-श्रीफल देकर किया सम्मानित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम में सार्थक सेवा वृद्धजन आश्रम भी पहुंचे। यहां उन्होंने वृद्धजनों से आत्मीय भेंट कर उनकी कुशलक्षेम जानी और आश्रम में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों को शॉल, श्रीफल और उपहार भेंटकर सम्मानित किया। वृद्धजनों ने भी उन्हें स्नेह और आशीर्वाद दिया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आश्रम का भ्रमण किया और सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सार्थक सेवा आश्रय समिति द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशन में संचालित इस आश्रम में वर्तमान में 37 वृद्धजन रह रहे हैं। 50 सीटर आश्रम में 19 महिलाएं और 18 पुरुष निवासरत हैं। संस्था द्वारा बुजुर्गों को पारिवारिक वातावरण के साथ भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



मुख्यमंत्री के हरदा आगमन पर अछगांव बायपास स्थित छिपानेर रोड हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं मालाएं भेंटकर स्वागत किया। सबसे पहले पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस दौरान 20 सदस्यीय दल ने कोरकू गदली सुसुन जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी। हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, पूर्व विधायक संजय शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, राजेश वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, टिमरनी नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, विशाल सिंह बघेल, नर्मदापुरम संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ, आईजी चंद्रशेखर सोलंकी, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन और पुलिस अधीक्षक शशांक सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

निशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

स्वस्थ हरदा और स्वस्थ मध्यप्रदेश यही हमारा संकल्पः कमल पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जनसेवा को जनकल्याण से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' और प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गत दिनों जिला अस्पताल में खिलता कमल जनकल्याण सामाजिक सेवा संस्था के सौजन्य एवं आरपी फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्तरीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर और जिला अस्पताल की टीम के करीब 75 चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की। साथ ही जांच के बाद उचित परामर्श दिया। शिविर की खास बात यह रही कि विशेष मेडिकल वैन के माध्यम से कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई। जहां करीब 581 लोगों ने निशुल्क परामर्श का लाभ लिया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। स्वस्थ हरदा, स्वस्थ मध्यप्रदेश-यही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस को केवल व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित रखने के बजाय इसे जनसेवा और समाजहित के कार्य से जोड़ना ही इस अवसर की वास्तविक सार्थकता है।

शिविर में अरविंदो मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल इंदौर के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दी। शिविर में उच्च स्तरीय एवं आधुनिक मशीनों के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के उपरांत चिकित्सकों द्वारा मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, नपाध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, महामंत्री बसंत राजपूत सहित भाजपा नेता एवं चिकित्सक आदि मौजूद थे।

पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस



हरदा। मिडिल स्कूल के पास दो युवकों पर चाकू से हमला करने वाले चार आरोपियों का शुक्रवार को पुलिस ने शहर में जुलूस निकाला। यह घटना बुधवार-गुरुवार की रात हुई थी। पुलिस ने जयंत उर्फ जस्सी (18), साकेत मौर्य (19), अनिकेत बेस (21) और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, सिद्धवीर हनुमान मंदिर के पास कुछ युवक टेंट लगाने वाले से बात करने गए थे। तभी कार सवार कुछ युवकों ने वहां रखे बैरिकेड हटाने को कहा। इसी बात पर दोनों पक्षों में विवाद और हाथापाई शुरू हो गई। इसके बाद पलाश लोकवाणी और निखिल असरानी नाम के दो युवकों पर चाकू से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को बड़े अस्पताल भेजा गया था। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि शहर में शांति भंग करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

श्लोक पाठ, चित्रकला और नृत्य-नाटिका में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, 16 विद्यालयों ने लिया हिस्सा

कालिदास समारोह में विद्यार्थियों ने बिखेरा संस्कृत प्रतिभा का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

शासकीय डॉ. बीआर अंबेडकर उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में गुरुवार को जिला स्तरीय कालिदास समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुआ। समारोह में जिले के 16 शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर श्लोक पाठ, चित्रकला और नृत्य-नाटिका के माध्यम से महाकवि कालिदास के साहित्य, काव्य एवं व्यक्तित्व को प्रस्तुत किया। जिला संस्कृत प्रभारी एवं कार्यक्रम प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाकवि कालिदास की साहित्यिक प्रतिभा से परिचित कराने के साथ संस्कृत भाषा के प्रति रुचि विकसित करना है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा के उच्चारण, अभिनय, सृजनात्मकता और



प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार यादव ने की। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीमा ओंकार रहीं। पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष संतोष नायर, हरगोविंद दुबे, शिवकाशीव सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमलता अग्रवाल ने किया। अंत में शिक्षक ओमप्रकाश लोखंडे ने आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिताओं में श्लोक पाठ वरिष्ठ वर्ग में प्रथम सांदीपनि विद्यालय करताना, द्वितीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा और तृतीय सांदीपनि विद्यालय अबगांवकला रहा। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम सांदीपनि विद्यालय खिरकिया, द्वितीय शासकीय हाईस्कूल पोखरनी और तृतीय शासकीय पीएम श्री विद्यालय खिरकिया रहा। चित्रकला वरिष्ठ वर्ग में प्रथम महात्मा गांधी विद्यालय हरदा, द्वितीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय करताना तथा तृतीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय खिरकिया एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा रहे। चित्रकला कनिष्ठ वर्ग में प्रथम शासकीय सांदीपनि विद्यालय करताना, द्वितीय सांदीपनि विद्यालय खिरकिया और तृतीय शासकीय कन्या शाला हरदा रही। नृत्य-नाटिका वरिष्ठ वर्ग में प्रथम शासकीय सांदीपनि विद्यालय खिरकिया, द्वितीय शासकीय पीएम श्री कन्या शाला खिरकिया और तृतीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय अबगांवकला रहा। वहीं नृत्य-नाटिका कनिष्ठ वर्ग में प्रथम शासकीय सांदीपनि विद्यालय खिरकिया, द्वितीय शासकीय कन्या शाला हरदा और तृतीय शासकीय विद्यालय बिच्छापुर रहा। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका मिलिंद सूभेदार, हरिश्चंद्र पंडोल सोडलपुर एवं पंकज उइके बालागांव ने निभाई।

पीएम मोदी के विकसित भारत का भाजपाइयों ने दोहराया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति यात्रा का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। उत्कृष्ट स्कूल परिसर में आयोजित समारोह के दौरान सुबह 10 बजे पीएम मोदी के नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम से देश को किए संबोधन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विधायक राजकुमार मेव, विधायक सचिन बिरला, सेवा संकल्प अभियान जिला संयोजक विवेक भटोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, कलेक्टर गुरु प्रसाद, एसपी रविंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता-पदाधिकारी, हितग्राही एवं आमजन मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने लगातार 25 वर्षों तक सरकार के मुखिया के रूप में देश की सेवा की है। यह देश की जनता का आशीर्वाद है। पीएम मोदी ने कहा भारत को नई बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए जो जोश और जज्बा चाहिए, वो एक ही संदेश देता है कि हम करके रहेंगे, आई वील डू ईट। उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों की ताकत पर भरोसा जताते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। आई वील डू ईट।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया कार्यक्रम में पीएम के संबोधन के बाद भाजपा नेताओं ने सेवा ज्योति अभियान की शुरुआत करते हुए विधानसभावार सेवा ज्योति वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता संजय पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष शंभू सिंह मनहर, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, जिला महामंत्री हरे सिंह चावड़ा, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, जिला कोषाध्यक्ष भीम सिंह जाधव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता-पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री सोलंकी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश सेवा के कार्यकाल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा जनसेवा से राष्ट्रसेवा तक की प्रधानमंत्री की यह अविराम यात्रा सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का प्रेरणादायी अध्याय है। भाजपा जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश सेवा को याद करते हुए उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का उल्लेख किया। विधायक पाटीदार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सार्वजनिक पद की जिम्मेदारी संभाली थी। इसके बाद 2014 से देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं।

कम वर्षा की स्थिति में रबी फसलों के लिए कृषकों को दी तकनीकी जानकारी

वैज्ञानिक खेती व उन्नत तकनीक अपनाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

जिले में कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए रबी वर्ष 2026-27 के लिए कृषकों को उपयुक्त फसल एवं किस्मों के चयन तथा वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से कार्ययोजना सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय खण्डवा के अधिष्ठाता डॉ. तोमर, कृषि विज्ञान केन्द्र खरगोन के वैज्ञानिक, मैदानी अमला एवं जिले के कृषकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में कम वर्षा की परिस्थितियों में रबी मौसम के लिए कम अवधि में पकने वाली फसलों एवं उपयुक्त किस्मों के चयन, जल संरक्षण, उपलब्ध सिंचाई जल के दक्ष उपयोग तथा वैज्ञानिक फसल प्रबंधन की तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी गई।



कृषकों को बदलती मौसम परिस्थितियों के अनुरूप फसल योजना तैयार करने के लिए भी मार्गदर्शन दिया गया। राष्ट्रीय कपास उत्पादकता मिशन के अंतर्गत विश्व कपास दिवस के अवसर पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के सहयोग से साइमा कॉटन डेवलपमेंट रिसर्च एसोसिएशन, कोयम्बटूर द्वारा जिले में एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र के 300 से अधिक कृषकों ने सहभागिता की।

प्रशिक्षण में कृषकों को लंबे रेशे एवं अतिरिक्त लंबे रेशे वाली कपास की उन्नत किस्मों की उत्पादन तकनीक, बीज चयन, फसल प्रबंधन एवं सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। गुणवत्तापूर्ण कपास उत्पादन के लिए उन्नत बीज, नवीन कृषि तकनीकों व वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग इंदौर संभाग के संयुक्त संचालक जितेन्द्र सिंह, उप संचालक कृषि शिव सिंह राजपूत, अनुविभागीय कृषि अधिकारी बी.एस. सेंगर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारीकृषि महाविद्यालय खण्डवा के अधिष्ठाता डॉ. तोमर आदि मौजूद रहे।

निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय भवन व छात्रावास का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

कलेक्टर गुरु प्रसाद ने धूलकोट में निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय भवन तथा बालक-बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर प्रसाद ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन के निर्माण के साथ ही विद्यालय संचालन के लिए आवश्यक सभी उपकरण एवं सामग्री की व्यवस्था भी समय रहते सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवश्यक इक्विपमेंट पहले ही बुलवाकर सुरक्षित रूप से उपलब्ध रखें, ताकि भवन तैयार होने के बाद सामग्री के इंतजार में विद्यालय का संचालन प्रभावित न हो। कलेक्टर प्रसाद ने विद्यालय एवं छात्रावास में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होने देने के लिए कहा।

रेहटफल सहित तीन गांवों में शराबबंदी की अनुकरणीय पहल

महिलाओं ने अपना गांव शराब मुक्त करने की जलाई मशाल, अब पुरुषों ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭झिरन्या

अपना गांव,शराब मुक्त करने की महिलाओं ने मशाल जलाकर शुरुआत की थी, जिसे अब पुरुषों ने थाम लिया है। जिससे ग्राम सभाओं में संकल्प पारित करने की अनुकरणीय पहल शुरू हो गई है। इस श्रृंखला में ग्राम पंचायत रेहटफल के तीन गांवों (रेहटफल, रूफाटा, पिपलिया खुर्द) में शराब बंदी का सामूहिक निर्णय लिया गया है।

गौरतलब है कि इस आदिवासी अंचल महिलाओं की शराबबंदी की पहल से ग्रामीणों में जागरूकता आ रही हैं। इस कड़ी में सर्वप्रथम ग्राम बाईखेड़ा, साईंखेड़ा और ग्राम नेमित की महिलाओं के दृढ़ संकल्प एवं प्रयासों से वहां शराबबंदी लागू है। इनसे प्रेरित होकर अब गांव गांव में शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए ग्राम सभाएं सामूहिक निर्णय ले रही है और वह सिलसिला जारी है।

रेहटफल पंचायत में भी निर्णय

इसी श्रृंखला में ग्राम पंचायत रेहटफल सहित रूफाटा, पिपलिया खुर्द में भी एक साथ शराबबंदी लागू करने का यह पहला मामला है। ग्राम सभा की अध्क्षता सरपंच संतोष डाबर ने की और जीआरएस मोहन जाधव ने कार्रवाई को लिपिबद्ध किया। यह निर्णय सर्वानुमति से पारित किया गया है। जिसके अनुसार तीनों गांवों में ₹ ना कोई शराब बेचेगा और ना ही कोई पिएगा₹ और यदि कोई दूसरे गांव से पीकर आता है तो कम ही पी कर आएगा, क्योंकि मोटर साइकिल का पेट्रोल भी लगेगा। ग्राम सभा के निर्णय का उल्लंघन करने पर रु. 2100 जुर्माना लेंगे और सूचना कर्ता को रु. 1100 प्रोत्साहन राशि देंगे। इस निर्णय का जानकारी पुलिस, आबकारी विभाग और प्रशासन देंगे और सहयोग का अनुरोध करेंगे।

जय अध्यक्ष जाधव ने दिया नारा

जयस ब्लॉक अध्यक्ष मगन ने शराब बंद - गांव मजबूत,नशा हटाओ - परिवार बचाओ का नारा दिया है। उन्होंने कहा हमारा ये फैसला किसी के खिलाफ नहीं है और कहा कि जो लोग शराब बेच रहे हैं उनके परिवार पर भी तो असर रहा है। ये फैसला हमारे बच्चों के भविष्य के लिए, हमारे परिवार को बचाने के लिए है। इसलिए सभी को इसमें सहयोग देना चाहिए।

विवाह में पी सकेंगे, लेकिन बेचेंगे नहीं

ग्राम सभा में यह भी चर्चा हुई हुई कि आदिवासी समाज में मृत्यु होने पर नुक्ते में शराब पीने पर पूर्व से ही पाबंदी है। लेकिन शादी विवाह में मेहमानों को शराब पिलाने पर रोक नहीं रहेगी। अध्यक्ष जाधव ने जानकारी दी कि हमारा आदिवासी समाज 5 लीटर तक महुआ शराब बनाकर पी सकता है और मेहमानों को भी पिला सकता है। जिसकी सरकार ने छूट दे रखी है। लेकिन बेचने पर जुर्माना लेंगे और कानूनी कार्रवाई की करेंगे।

अवैध परिवहन से बिगड़े हालात

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस आदिवासी अचल में देसी और विदेशी शराब के अवैध परिवहन से गांव गांव पहुंच रही है, जिससे हालत बिगड़ रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि इसकी आड़ में गांव गांव में अधिकांश किराना दुकानें और कतिपय ग्रामीण भी इस कारोबार से जुड़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम रेहटफल में मोटर साइकिल से शराब परिवहन को रोकने के बाद विवाद पड़ गया था और यहां शासकीय दुकानों में भी तोड़फोड़ की घटना और धरना प्रदर्शन आंदोलन हो चुके हैं। ग्राम सभा में कई प्रमुख ग्रामीण जन उपस्थित थे। इनमें मांगीलाल पटेल, जगदीश किराडे, धर्मेंद्र भास्करे, भागचंद पटेल, कमल बोरियाले, मिथुन जायसवाल,गीना नार्वे, रामचंद्र घोसले आदि हैं।